प्रकाश कुमार एक बड़ी कंपनी में काम करते हैं। उनके मालिक का नाम खन्ना है। मालूम होता है खन्ना साहब बहुत बड़े आदमी हैं; प्रकाश जी उनसे डरते हैं (और शायद अपनी पत्नी कमला से भी)। प्रकाश और कमला के दोनों बच्चे स्कूल जाते हैं और उनकी लड़की संगीता कालेज चाती है। संगीता बहुत होशियार है लेकिन मुझसे तो ज़्यादा बात नहीं करती। मैं सोचता हूँ कि वह मुझको पसंद नहीं करती। उसकी

सहेली पिंकी अक्सर यहाँ आती है; दोनों दिन भर गपशप करती है और ख़ूब हँसती है। पिंकी खन्ना की छोटी बहिन है; वह संगीता से बड़ी है, लेकिन उससे संगीता ज़्यादा खुबसूरत है। वह शायद भारत की सबसे सुन्दर लड़की है!

दादीजी अक्सर मुझसे पूछती हैं कि मेरे माँ-बाप क्या करते हैं. मेरे दोस्त कौन है, वग़ैरह। वे राज और ऋषि को बहुत हँसाती हैं - मुझको भी। राज को वे

बहुत प्यार करती हैं; उसको "मुन्ना" या "मेरा चाँद का टुकड़ा" कहती हैं। राज को ये नाम बिलकुल पसंद नहीं हैं । पर वह चुप रहता है। दादीजी को सब लोग प्यार करते हैं।

प्रताप

1- **Metinde geçen gramer kuralların analizini yaparak Türkçeye çevirmek.**